तापमान

अधिकतम 35.1 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 10 जुलाई, 2025

11 खाना बनाते समय पहली रोटी गाय के लिए निकालें



12 मजदूर-कर्मचारी विरोधी नीतियों का किया विरोध



## ख़बर संक्षेप



गन्नौर। शेखपुरा से पुरखास रोड पर चला मरम्मत का काम

### शेखपुरा-पुरखास रोड की मरम्मत शुरू

**गन्नौर।** शेखपुरा से पुरखास रोड पर पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क पर पैच लगाने का काम शुरू कर दिया है। विभाग द्वारा डाली पहल लेयर के बाद ओवर लोड वाहन के कारण एक दो स्थान से सड़क टूट गई थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए विभाग ने रिपेयर करने का काम शुरू कर दिया। गांव के लोगों ने संबंधित विभाग से ठीक कराने की मांग की थी। जेई नवनीत ने बताया कि अभी सड़क पर कोल-तार की पहली परत बिछाई थी। अब विभाग ने पैच लगा दिए है।

### संदिग्ध हालत में किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र की आरके कॉलोनी से संदिग्ध हालत में किशोरी के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। किशोरी के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी नाबालिग लड़की संदिग्ध हालत में लापता हो गई। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सुल्तान सिंह ने बताया कि किशोरी की तलाश के प्रयास किए जा रहे है। जल्द से जल्द किशोरी का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### तरुण देवीदास को जिला महामंत्री बनाया

**सोनीपत।** भाजपा ने बुधवार को जिला स्तरीय संगठन का विस्तार करते हुए पूर्व जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी हैं।



तरुण देवीदास।

तरुण देवीदास लंबे समय से संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वे पूर्व विधायक व पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय बाबू देवीदास के सुपौत्र हैं। जिला महामंत्री नियुक्त किए जाने पर तरुण देवीदास ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली आदि का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान और जिम्मेदारी है।

### बिधलान में 45 युवाओं ने रक्तदान किया

**खरखौदा।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा गांव बिधलान में रक्तदान शिविर लगाया गया।फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा के अनुसार 45 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं का कहना था कि वे भविष्य में भी ऐसे ही समाज हितैषी कार्य करते रहेंगे, ताकि रक्त की कमी से किसी की जान न जाए। वैसे भी रक्तदान करने से हमारे शरीर में कोई कमी नहीं आती है। इस अवसर पर अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, सुरेंद्र दहिया,अंकित दहिया, भूमित दहिया, मीता, दीपक जठेड़ी, सतीश, राहुल मौजूद रहे।

## सुबह बारिश, दिन में धूप, शाम को फिर झमाझम, मौसम विभाग का अलर्ट 11 जुलाई तक बारिश की संभावना

# कुल 20 एमएम बरसात, शहर से लेकर कस्बों तक जलभराव

- सड़कों पर कई-कई फुट तक पानी जमा हो गया जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में मंगलवार को सुबह से शुरू हुई भारी बारिश ने जनजीवन को खासा प्रभावित किया। करीब दो घंटे तक रुक-रुक कर हुई झमाझम वर्षा ने जहां गर्मी से राहत दी, वहीं शहर की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। सुबह के समय सोनीपत और राई ब्लॉक में जमकर मेघा बरसे, वहीं दोपहर के समय खरखौदा में अच्छी बारिश हुई। हालांकि देर शाम सोनीपत शहर में फिर से इंद्र देवता मेहरबान हो गए और झमाझम बारिश हुई। आंकड़ों की बात करें तो सुबह से लेकर शाम 5 बजे जिले में औसत 20 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। बारिश के चलते सड़कों पर कई-कई फुट तक पानी जमा हो गया जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण सोनीपत में अधिकतम तापमान में भी लगभग एक डिग्री की कमी दर्ज की गई है। बुधवार को सोनीपत का अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री दर्ज किया गया है। इस अचानक हुई भारी वर्षा ने जहां तापमान में गिरावट लाकर राहत दी, वहीं जलभराव और अव्यवस्था ने लोगों को परेशान कर दिया। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से जल्द से जल्द जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।



सोनीपत। वेस्ट रामनगर में जलभराव के बीच गुजरते लोग।



सोनीपत। गीता भवन आरओबी से गुजरते वाहन चालक।



सोनीपत। वाहन चालकों को दिन में लाइट जलाकर गुजरना पड़ा।

### मौसम ने एक ही दिन में दिखा दिए कई रंग, सुबह बारिश, दोपहर को धूप, शाम को फिर बरसात



सोनीपत। वेस्ट रामनगर के हालात।

सुबह के समय सोनीपत शहर और राई क्षेत्र में बादल जमकर बरसे। मुख्य मार्गों से लेकर गली-मोहल्लों तक पानी भर गया। वहीं, दोपहर होते होते बारिश तो दूर बादल भी गायब हो चुके थे, जिसकी वजह से तेज धूप निकल आई। तेज धूप और वातावरण में नमी होने के कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। हालांकि दोपहर के समय खरखौदा क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई थी। इसी बीच शाम होते होते एक बार फिर आसमान बादलों से ढक गया और 7 बजे से पहले फिर से बारिश शुरू हो गई।

**अधूरी रही तैयारी**

### पॉश इलाकों में भी बुरे हालात, कई जगहों पर घरों में घुसा पानी



सोनीपत शहर में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई। शहर के प्रमुख चौक चौराहों से लेकर कॉलोनियों में जलभराव की हुआ। शनि मंदिर अंडरपास पहले की तरह ही तालाब बन गया। वहीं मॉडल टाउन, सेक्टर 14 और 15 सारीखे पॉश इलाकों में भी जलभराव हुआ। बारिश का पानी दोपहर तक सड़कों से उतरा ही था कि शाम को हुई बारिश ने फिर से जगह जगह जलभराव कर दिया। नाले-नालियों की सफाई समय पर न होने के कारण पानी की निकासी बाधित रही।

#### मानसूनी टर्फ हरियाणा की ओर सक्रिय

इस समय मानसूनी टर्फ हरियाणा की ओर सक्रिय है, जिससे आगामी 11 जुलाई तक गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। दिन के तापमान में गिरावट तो दर्ज की जाएगी, लेकिन उमस से फिलहाल राहत की उम्मीद कम है। **-डॉ. प्रेमदीप, मौसम वैज्ञानिक, केवीके जगदीशपुर।**

### खरखौदा में गर्मी को धोया, जल निकासी के दावों पर फेरा पानी, लोग परेशान



खरखौदा। थाना कलां मार्ग पर जमा पानी।

**खरखौदा।** बुधवार सायं खरखौदा में जमकर बरसे बदरा। जिससे शहर के सभी मार्ग तालाब में तब्दील हो गए। जल निकासी व्यवस्था ढंग की एक बारिश नहीं झेल पाई। दिल्ली मार्ग, थाना कलां मार्ग रोहतक मार्ग, सांपला मार्ग व अन्य मार्ग पानी में डूब गए। पुरानी तहसील का मुख्य द्वार, खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय परिसर, बस अड्डे व अनाज मंडी के दोनों द्वार के साथ साथ अन्य कार्यालयों में जल भराव हो गया है। मुख्य मार्ग से निचले स्तर की गलियों में भी पानी जमा होने से लोगों को परेशानी हुई।

## छात्रा से दुष्कर्म मामले में डिप्टी डीईओ को ज्ञापन, स्कूल की मान्यता रद करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के एक निजी स्कूल में छात्रा के साथ बस ड्राइवर द्वारा दुष्कर्म किए जाने की घटना के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए मंगलवार को डिप्टी डीईओ अनिल सरन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला पार्षद एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय बड़वासनिया और कांग्रेस नेता ऋतुराज मौजूद रहे। ज्ञापन सौंपते हुए संजय बड़वासनिया ने कहा कि प्राइवेट स्कूल मोटी फीस वसूलते हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर भारी लापरवाही बरत रहे हैं। सरकार एक तरफ 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का नारा देती है, वहीं दूसरी तरफ स्कूलों में बच्चियों की अस्मिता के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार प्रदेश में अपराध, लूट, रेप और हत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे आमजन भय के साये में जी रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी स्कूल बिना पृष्ठभूमि की जांच किए बस ड्राइवर और कंडक्टर को नियुक्त कर रहे हैं, जिससे अपराधी किस्म के लोग इन पदों का दुरुपयोग कर रहे हैं। यह लापरवाही बेटियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि संबंधित स्कूल की मान्यता तुरंत रद्द की जाए और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के कारण वे बेखौफ होकर खुलेआम अपराध कर रहे हैं। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन को मजबूर होंगे।



सोनीपत। ज्ञापन सौंपते हुए जिला पार्षद संजय बड़वासनिया एवं अन्य।

### कैंटर यूनियन के पास मिला युवक का शव

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में कैंटर यूनियन के पास युवक का शव मिला। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर शवगृह में रखवाया। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बहालगढ़ रोड पर कैंटर यूनियन के पास संदिग्ध हालत में युवक का दूषित पानी में मिला। मृतक की आयु करीब 31 साल के करीब है। शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर शवगृह में रखवा दिया। जांच अधिकारी यशपाल ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। जल्द से जल्द पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## नागरिक अस्पताल में रेबीज इंजेक्शन की किल्लत, चार दिन से इंतजार कर रहे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन की भारी किल्लत हो गई है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले चार दिनों से अस्पताल में यह महत्वपूर्ण इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। कई मरीजों को नरेला और खानपुर जैसे दूरदराज के अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ रही है।

बस अड्डे के पास कुत्ते द्वारा काटे गए व्यक्ति को आपातकालीन कक्ष में एक घंटे तक रेबीज सीरम तक नहीं मिला। कर्मचारियों ने इंजेक्शन रूम से सीरम को मंगवा कर घायल को लगाया। हालांकि उसे अस्पताल की तरफ से रेबीज इंजेक्शन नहीं लगाया गया। बता दें कि नागरिक अस्पताल में गत चार दिनों से अस्पताल में रेबीज का इंजेक्शन खत्म हो चुका है। मरीजों को मजबूरी में महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर या रोहतक पीजीआई व नरेला राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बुधवार को बस स्टैंड के पास गंदा नाला निवासी बुजुर्ग सुरेंद्र को आवारा कुत्ते ने काट लिया, जिन्हें गंभीर चोटें आई और काफी खून बह रहा था। उन्हें नागरिक अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में लाया गया, लेकिन वहां एंटी रेबीज इंजेक्शन मौजूद नहीं था।



सोनीपत। आपातकालीन कक्ष में लेटा सुरेंद्र।

#### जल्द आएंगे इंजेक्शन

इंजेक्शन खत्म होते ही उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया था। इंजेक्शन खत्म होते ही डिमांड भेज दी गई थी। जल्द ही अस्पताल में इंजेक्शन उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। मरीज को अन्य वार्ड से मंगा कर सीरम लगवा दिया गया है। मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की तरफ से हर संभव जरूरी कदम उठाने का काम किया जाता है।
**-डॉ. संदीप लठवाल, मीडिया प्रभारी नागरिक अस्पताल।**

## 30 जुलाई तक खोला पोर्टल, यूजी व पीजी कोर्स के द्वितीय व तृतीय वर्ष में भी हो रहे एडमिशन

# स्नातक में दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग शुरू

- पहले दिन प्रत्येक महाविद्यालय करीब 40 से 65 विद्यार्थी दाखिला लेने पहुंचे
- महाविद्यालयों में 1 से 14 अगस्त तक 100 रुपये प्रतिदिन विलंब फीस के साथ विद्यार्थियों का दाखिला दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महाविद्यालयों में दाखिलों की दौड़ के बीच स्नातक व स्नातक व स्नाकोत्तर पाठ्यक्रम के दूसरे व तृतीय वर्ष की कक्षाओं में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिये पोर्टल खोला जा चुका है। जिसकी वजह से कॉलेजों में विद्यार्थियों की भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई। पहले दिन प्रत्येक महाविद्यालय करीब 40 से 65 विद्यार्थी दाखिला लेने पहुंचे। वहीं स्नातक प्रथम वर्ष के लिये भी वीरवार से काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जिसको लेकर महाविद्यालयों में तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। महाविद्यालयों में स्नातक के प्रथम वर्ष की कक्षाओं के लिए चल रही दाखिला प्रक्रिया के बीच बुधवार को स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के दूसरे व तृतीय वर्ष की कक्षाओं में दाखिला प्रक्रिया शुरू की गई। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी 30 जुलाई तक अपने दस्तावेज सत्यापित करवाते हुए निर्धारित फीस जमा करवाकर द्वितीय व तृतीय वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश पा सकेंगे। इसके बाद महाविद्यालयों में 1 से 14 अगस्त तक 100 रुपये प्रतिदिन विलंब फीस के साथ विद्यार्थियों का दाखिला दिया जाएगा। वहीं महाविद्यालयों में बुधवार को दाखिला लेने वाले विद्यार्थी पहुंचने लगे हैं।



सोनीपत। हिंदू महाविद्यालय में दाखिला लेने पहुंचे विद्यार्थी।

#### खाली सीटों पर आज काउंसिलिंग होगी

महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के लिये वीरवार को रिक्त सीटों काउंसिलिंग की जाएगी। विद्यार्थी पोर्टल पर आवेदन करने के साथ फीस जमा करवाकर सीधे महाविद्यालयों में दाखिला ले सकेंगे। यह अब तक दाखिले से वंचित रहे विद्यार्थियों के लिए सुनहरा मौका रहेगा। महाविद्यालय प्रबंधकों ने बताया कि स्नातक के लिए शेष बची 50 फीसदी सीटों को काउंसिलिंग के माध्यम से भरने का प्रयास किया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी 11 से 17 जुलाई तक 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ महाविद्यालयों में दाखिला ले सकेंगे। इसके बाद 18 से 24 जुलाई तक रोजाना के 100 रुपये विलंब शुल्क के हिसाब से दाखिला दिया जाएगा।

## पेट्रोल पंप पर बाइक सवार दो युवक आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर तीन हजार छीन ले गए

- पहले बाइक में पेट्रोल भरवाया, सेल्समैन बकाया वापस लौटाने लगा तो बाइक के पीछे बैठे युवक ने उसकी आंखों में मिर्ची पाउडर डाला
- सोमवार रात लगभग नौ बजे बाइक पर आए थे दो युवक, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

खानपुर कलां रोड स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक सवार दो युवक पहुंचे। सेल्समैन से बाइक में पेट्रोल भरवाया। जब सेल्समैन बकाया वापस लौटाने लगा तो बाइक के पीछे बैठे युवक ने उसकी आंखों में मिर्ची पाउडर डाल दिया और हाथ से लगभग तीन हजार रुपये छीन ले गए। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। सेल्समैन की शिकायत पर शहर थाना में केस दर्ज किया गया।

सेल्समैन बलवान ने पुलिस को बताया कि वह खानपुर कलां रोड स्थित हिंदुस्तान फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर नौकरी करता है। वह सोमवार रात को पंप पर ड्यूटी कर रहा था। रात लगभग नौ बजे बाइक पर दो युवक आए।

उन्होंने शुरूआत में 50 रुपये का पेट्रोल भरवाया और उसे 100 रुपये दिए। उसने बकाया रुपये लौटा दिए। इसके बाद कहा कि उन्हें पानीपत जाना है और 50 रुपये का और पेट्रोल भरवाया। युवकों ने कहा कि उन्हें तो घरौंडा जाना है। इसके बाद 80 रुपये का और पेट्रोल भरवाकर उसे 100 रुपये दे दिए। उसने जेब से नकदी निकालकर 20 रुपये वापस कर दिए। इसी दौरान बाइक के पीछे बैठे बदमाश ने उसकी आंखों में मिर्ची का पाउडर डाला और उसके हाथ से नकदी छीन ले गए। कुछ नोट पंप के फर्श पर बिखर गए। सेल्समैन के अनुसार बदमाश तीन हजार रुपये छीनकर ले गए।

# मानसून में स्किन प्रॉब्लम्स
# बचाव के लिए बरतें सावधानी

मानसून में नमी की अधिकता की वजह से स्किन इंफेक्शंस की संभावना बहुत बढ़ जाती है। ये कौन सी समस्याएं हैं, इनके कारण, लक्षण क्या हैं और इससे बचाव के लिए आपको किन उपायों पर अमल करना होगा, बता रहे हैं आपको।

**सीजनल डिजीज**
चेतना झा



तपती गर्मी के बाद बारिश की फुहारें राहत तो देती हैं, लेकिन बारिश का मौसम हमारी त्वचा और बालों के लिए कई समस्याएं भी उत्पन्न कर सकता है। इस मौसम की नमी स्किन इंफेक्शन और दूसरी तमाम समस्याओं की वजह बनती है। इनसे बचाव के लिए प्रयास करने जरूरी हैं।

**अधिक पसीना:** वातावरण में नमी की अधिकता के कारण मानसून के मौसम में पसीने की समस्या होती है और यह स्किन इंफेक्शन का एक बड़ा कारण होता है। इससे त्वचा में खुजली की समस्या होती है और फिर इससे कई समस्याएं परेशान करती हैं।

**मुंहासे:** मुंहासे और त्वचा पर चकत्ते होना, अन्य समस्याएं हैं, जिनका सामना ज्यादातर लोग मानसून के मौसम में करते हैं। खासतौर पर उन लोगों को जिनकी त्वचा पहले ही अधिक ऑयली होती है, नमी बढ़ने से त्वचा अधिक सीबम का उत्पादन करने लगती है। इससे ऑयल अधिक बनने लगता है और यह बैक्टीरिया का बसेरा सा बन जाता है। चिपचिपी त्वचा पर धूल, गंदगी और पसीना लंबे समय तक चिपके रहते हैं, जिसकी वजह से स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं। ऐसे में एक्ने और पिंपल्स निकलने लगते हैं।

**एग्जिमा:** एग्जिमा आसानी से ठीक नहीं होने वाला त्वचा रोग है। यह त्वचा संबंधी उन समस्याओं में से एक है, जो केवल मानसून के मौसम में होती है। एग्जिमा विभिन्न जटिलताओं जैसे चकत्ते, खुजली, लालिमा और त्वचा में इसी तरह की समस्याओं का कारण बनता है। यह समस्या उन लोगों में आम है, जिनकी त्वचा संवेदनशील होती है।



**टिनिआ:** यह भी मानसून में हमारी त्वचा को परेशान करने वाला एक फंगल संक्रमण है। इससे अत्यधिक खुजली होती है और असहज महसूस होता है। यह आपके सिर की त्वचा को भी संक्रमित कर सकता है। उसमें भी खुजली होती है।

**स्केबीज:** स्केबीज एक अन्य त्वचा रोग है, जो मुख्य रूप से घुन के प्रवेश के कारण होता है। इसको कुछ इस तरह समझिए कि इसमें परजीवी जीवाणु अंडे देते हैं और आपकी त्वचा में घोंसला भी बनाते हैं, जिससे संक्रमण बढ़ता है। इससे त्वचा में खुजली होती है और लालिमा भी नजर आती है। इससे रोगी को काफी तकलीफ महसूस होती है।

**फोलिक्युलाइटिस या लोम:** यह बाल कूप, बाल रोम या हेयर फॉलिकल का एक और जीवाणु संक्रमण है, जो मानसून के दौरान होता है। बता दें कि बालों के रोम दरअसल, हमारी त्वचा की रक्षा के लिए होते हैं। इससे हमारी त्वचा ढंकी रहती है। बैक्टीरिया और पसीने के बीच का स्पर्श त्वचा संबंधी समस्याओं का कारण बनता है और फॉलिक्युलाइटिस का कारण भी बनता है। फॉलिक्युलाइटिस की वजह से पीड़ित की त्वचा पर बालों के रोम में सूजन हो जाती है। त्वचा की यह समस्या आमतौर पर जांघों, बगलों, नितंबों और गर्दन के आस-पास देखी जाती है। हल्के मामलों के लिए, स्थिति कुछ दिनों में ठीक हो सकती है, लेकिन गंभीर स्थितियों के लिए आपको चिकित्सकीय ट्रीटमेंट लेने की आवश्यकता हो सकती है।

**दाद:** दाद या रिंग वॉर्म त्वचा पर एक छल्ले के आकार में दिखाई देता है। जब आप इसे खुजलाते हैं, तो कई बार आपकी त्वचा पर मिनटों में दाने निकल आते हैं और उनसे पानी भी निकल सकता है। इसे एक संक्रामक फंगल संक्रमण भी माना जाता है, जो रोगी के दूसरों अंगों तक और दूसरे व्यक्ति को भी फैल सकता है।

**ऐसे करें बचाव:** इन बरसाती रोगों से बचाव के लिए इस मौसम में त्वचा को भीतर-बाहर से हाइड्रेट करने की उतनी ही जरुरत है, जितनी किसी और मौसम में होती है। इसलिए भरपूर पानी पिएं। साथ ही नॉन स्टिकी लाइटवेट मॉयश्चराइजर लगाएं। दो-तीन लीटर पानी प्रतिदिन सेवन करने से कोलेजन बनता है, जिससे ये रोग होने की आशंका कम हो जाती है। त्वचा की नियमित सफाई करें। इससे बैक्टीरिया और सीबम दोनों में कमी आती है। इस मौसम में फेस स्टीम यानी चेहरे पर भाप लेना भी लाभदायक है। इससे रोमछिद्र खुलते हैं और मृत त्वचा हटती है। भाप लेने से त्वचा पर रक्त प्रवाह बढ़ता है, जो त्वचा में ग्लो लाता है। समस्या होने पर बजाय इंटरनेट पर समाधान ढूंढने के नजदीकी डर्मेटोलॉजिस्ट से संपर्क करें, वे आपकी त्वचा के प्रकार और शारीरिक अवस्था के अनुरूप समस्या का समाधान बताएंगे।

मानसून में खास ध्यान रखें कि चेहरे को टच करने से पहले हाथ धुला हो। चेहरे पर कोई क्रीम, मॉयश्चराइजर आदि लगाने से पहले भी हाथ धुले हों। इससे बैक्टीरिया के फैलाव से बचाव होता है। ऑयली फूड्स जैसे फ्रेंच फ्राइज, चिप्स, समोसे आदि खाने से बचें। इससे एक्ने-मुंहासे की समस्या बढ़ सकती है। *

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

**मेंटल हेल्थ**
शिखर चंद जैन

इन दिनों देश ही नहीं पूरी दुनिया में बेशुमार लोग मेंटल प्रॉब्लम्स से ग्रस्त हो रहे हैं। इसकी अनेक वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर आप अपनी डेली रूटीन लाइफ में कुछ एक्टिविटीज को शामिल कर लें तो बहुत हद तक इन मेंटल प्रॉब्लम्स से बच सकते हैं। ऐसी ही चार एक्टिविटीज और उनसे होने वाले फायदों के बारे में हम आपको बता रहे हैं।

# अच्छे स्वास्थ्य के चार मीत
# रंग-कविता-कला-संगीत





आने वाले समय में कला का प्रयोग मानसिक सेहत को संवारने में व्यापक तौर पर किया जाएगा। अमेरिका की फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी के आर्ट्स इन मेडिसिन सेंटर में रिसर्च डायरेक्टर जिल सोनके कहते हैं, 'हमें बचपन की क्रिएटिव राइटिंग, ड्राइंग, सिंगिंग और डांसिंग से आगे चलकर भी जुड़े रहना चाहिए। आप बड़े होकर इनसे दूर हो रहे हैं तो यह गलत है। आपको म्यूजियम (कला के लिए), आर्ट गैलरीज, एग्जिबिशंस, कंसर्ट (म्यूजिक के लिए) आदि भी समय-समय पर जरूर अटेंड करने चाहिए।'

इस स्टडी के आधार पर मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट्स मानसिक सेहत को खुशमिजाजी और सुकून की खुराक देने के लिए कुछ एक्टिविटीज को अपनी डेली लाइफ में शामिल करने की सलाह देते हैं।

## म्यूजिक सुनें

कई ऐसे अनुसंधान हो चुके हैं, जिनमें पता चला है कि गाना गाने, गाना सुनने और वाद्य यंत्र बजाने से कई तरह के फायदे हैं। गाने से स्ट्रेस हार्मोन कार्टीसोल का लेवल कम होता है। नवजात शिशुओं की मां गुनगुनाती है तो उनमें एंजायटी कम होती है। न्यूरोलॉजिस्ट सूजन मैग्सेमैन कहती हैं कि म्यूजिक से स्ट्रेस कम होने की वजह यह है कि रिद्म, लिरिक्स और कॉर्ड्स रिपीट करते समय हमारे दिमाग के कई हिस्से एक साथ एक्टिव हो जाते हैं।

यूरोप के एक विश्वविद्यालय में हुए शोध से पता चला है कि म्यूजिक थेरेपी डिमेंशिया या याददाश्त की समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसके अलावा यह दर्द कम करने और अवसाद से मुक्ति दिलाने में भी सहायक है। यह कई अनुसंधानों के नतीजे में बताया जा चुका है। यही वजह है कि संगीत का उपयोग उपचार के लिए भी कई जगह किया जा रहा है। वैज्ञानिकों की माने तो म्यूजिक थेरेपी कैंसर के इलाज से लेकर पोस्ट स्ट्रोक ब्रेन के इंप्रूवमेंट में भी काफी मददगार साबित हो रही है। यूरोप के संगीत एंगिला रस्किन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि म्यूजिक थेरेपी से मस्तिष्क के कई क्षेत्रों में सकारात्मक असर पड़ता है। संगीत, मस्तिष्क और उसके कनेक्शन को पुनर्जीवित करने में मदद कर सकता है।



## थ्री ड्रॉइंग टेक्निक की प्रैक्टिस

अमेरिका में स्थित सेंटर ऑफ माइंड बॉडी मेडिसिन के संस्थापक-मनोचिकित्सक डॉक्टर जेम्स गार्डन ने थ्री ड्रॉइंग तकनीक बनाई है। इसके लिए आपको ड्रॉइंग एक्सपर्ट होने की जरूरत नहीं है। बस कोशिश करनी है। सबसे पहले आप खुद की कोई ड्रॉइंग बनाएं। फिर अगली ड्रॉइंग में खुद को अपनी सबसे बड़ी समस्या के साथ दिखाना होगा। और तीसरी ड्रॉइंग में आपको समस्या हल होने के बाद खुद को दर्शाना होगा। यह एक्सरसाइज सेल्फ डिस्कवरी को प्रोत्साहन देने के लिए है। इससे आपको अपनी समस्या का पता चलता है और संभावित हल पर विचार करने का अवसर मिलता है। साथ ही स्वयं में अंतर महसूस होता है। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल आफ मेडिसिन में न्यूरोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर सूजैन मैग्सेमैन कहती हैं कि आप इस तकनीक से खुद ही अपने हीलर बन सकते हैं। इसके लिए आपको किसी थैरेपिस्ट की जरूरत भी नहीं है।

## कलरिंग कीजिए

एंजायटी से उबरने के लिए अपने बचपन की कलरिंग एक्टिविटीज को फिर से सक्रिय कीजिए। किसी किताब, अखबार या पत्रिका में बने रेखाचित्रों में या खुद के बनाए रेखाचित्रों में रंग भरें। वैज्ञानिकों ने शोध में पाया है कि रोजाना 20 मिनट ज्योमैट्रिकल डिजाइन में रंग भरना एंजायटी को कम करने के लिए बहुत प्रभावी तकनीक है। क्लीवलैंड क्लिनिक में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और पुस्तक '50 वेज टू सूद योरसेल्फ विदाउट फूड' की लेखिका सूजेन अल्बर्ट्स कहती हैं, कलरिंग करना मिनी मेंटल वेकेशन जैसा है। जब हम किसी कागज पर बनी आकृतियों और रेखाचित्रों में अपने पसंदीदा रंग भरते हैं तो हमें आत्मसंतुष्टि मिलती है और साथ ही तमाम समस्याओं और चिताओं से हमारा ध्यान बंटता है और मन को शांति मिलती है। यह एक प्रकार का मेडिटेशन ही है। इससे स्ट्रेस लेवल कम होता है और हमारी मेंटल हेल्थ इंप्रूव होती है।



## कविता लिखें

साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर फ्रैंक क्लार्क अकसर कविताएं लिखते हैं। वह कोई कवि नहीं है लेकिन अपने दिल की भावनाओं को कागज पर कलम से उकेरना उन्हें सुकून देता है। वह इस प्रयोग के माध्यम से डिप्रेशन से उबर चुके हैं। वह कहते हैं, 'आप हाईकू से शुरू कर सकते हैं। इसमें अपने दोस्तों को भी शामिल कीजिए। नए-नए प्रयोग कीजिए, प्रतियोगिताएं कीजिए। यह आपके मनोरंजन का एक बेहतरीन तरीका बन सकता है।'

जर्नल आफ मेडिसिन ह्यूमैनिटीज में प्रकाशित एक शोध की रिपोर्ट बताती है कि कविताओं में हीलिंग पावर होती है। दोस्तों के साथ इन्हें शेयर करने के बहुआयामी लाभ हो सकते हैं। *

**डॉक्टर्स सजेशन**



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बरसात में जब करे अपच-एसिडिटी परेशान



**मेरी उम्र 34 वर्ष है। बरसात के मौसम में अकसर अपच और एसिडिटी होने लगती है। कृपया कुछ ऐसा बताएं, जिससे मुझे यह प्रॉब्लम न हो।**

**-आदित्य, हिसार**

बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा समस्या वाटर बॉर्न डिजीजेज की होती है। कई बार सप्लाई में या अन्य जगह दूषित पानी आता है और लोग इसे पीते हैं, जिससे इस तरह की प्रॉब्लम शुरू हो जाती हैं। आपकी समस्या सुनकर ऐसा ही लग रहा है कि आपका डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। इससे बचने के लिए आप बाहर का पानी न पिएं। अपना पानी घर से लेकर निकलें। इसके साथ ही बाहर के कटे हुए फल और अन्य खुले में बिकने वाले फूड्स या फ्रूट्स का सेवन बिल्कुल ही बंद कर दें। इन बातों पर अमल करने से आपको समस्या से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। एक साल पहले मैंने अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया था। पिछले एक-डेढ़ महीने से मुझे फिर से चलने-फिरने के दौरान घुटनों में दर्द हो रहा है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रमोद, भोपाल**

सामान्यतः इसके दो कारण हो सकते हैं। कई बार मौसम बदलते समय ऐसी दिक्कत शुरू होती है तो कभी-कभार चोट लगने से भी ऐसी तकलीफ होने लगती है। लेकिन बेहतर होगा कि आप उन्हीं डॉक्टर से संपर्क करें, जिन्होंने सर्जरी की है। वह जांच कर इसकी वजह बताएंगे और ट्रीटमेंट करेंगे। बगैर जांच करे कोई भी ट्रीटमेंट न लें।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। पिछले पंद्रह दिनों से मेरे सिर में हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-अखिल, धमतरी**

इस तरह के दर्द की वजह कोई चोट हो सकती है या आंखों का कमजोर होना भी वजह बन जाती है। लेकिन अगर आपको चोट नहीं लगी और आंखें ठीक हैं तो आपको जरूर एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मुझे बहुत वीकनेस लगती है इसलिए मैं कुछ वीक्स से मल्टीविटामिन कैपस्यूल लेता हूं। कृपया बताएं कि यह कितना सेफ है? इसके कोई साइड इफेक्ट्स तो नहीं होंगे?**

**-सुदेश, बिलासपुर**

मल्टीविटामिन कैप्सूल खाना तो ठीक है लेकिन आपको वीकनेस आने का कारण पता लगाना चाहिए कि इसकी वजह क्या है? क्या शरीर में खून की कमी है? बेहतर होगा कि डॉक्टर से संपर्क कर अच्छी तरह जांच कराएं। अगर सब कुछ ठीक है तो विटामिन कैप्सूल के साथ आप नेचुरल प्रोटीन और विटामिन वाले फूड्स अधिक लें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे बाल बहुत झड़ते हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे छुटकारा पाया जाए?**

**-दीपक, कोंडागांव**

बारिश के मौसम में त्वचा और बालों की समस्या के लिए गंदे पानी का इस्तेमाल एक बड़ा कारण हो सकता है। दूषित पानी से जहां त्वचा रोग होता है, वहीं बाल झड़ने की समस्या भी शुरू होती है। इसलिए आप कोशिश करें कि साफ पानी से ही नहाएं। साबुन और शैंपू का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह के बाद ही करें। इससे आपको समस्या से राहत मिलेगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

# बारिश के मौसम में आपको संक्रमणों से बचाएगी कच्ची हल्दी

**हर्बल जोन/ रेखा देशराज**



कच्ची हल्दी या फ्रेश टर्मरिक रूट एक अत्यंत प्रभावी और पारंपरिक प्राकृतिक औषधि है, विशेषकर बरसात के मौसम में जब संक्रमण, अपच और त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में कच्ची हल्दी का औषधि के रूप में इस्तेमाल बहुत प्रभावी है।

**मौसमी बीमारियों से बचाए:** कच्ची हल्दी में मौजूद करक्यूमिन शक्तिशाली एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल तत्व होता है। यह करक्यूमिन मौसम बदलने के समय होने वाली जुकाम, खांसी, गले की खराश और बुखार आदि से रक्षा करता है। बरसात के मौसम में लोगों का अकसर पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है। इन दिनों कच्ची हल्दी का इस्तेमाल पाचन संबंधी सक्रियता बढ़ाती है। कच्ची हल्दी के इस्तेमाल से गैस, अपच और पेट फूलने जैसी समस्याएं नहीं होती हैं।

**इम्यूनिटी को मजबूत करे:** कच्ची हल्दी एक नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर है। मानसून में जब रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है, तब यह कच्ची हल्दी इसे पुनः सक्रिय करने में मददगार साबित होती है। यह त्वचा के संक्रमण और फंगल रोगों से भी बचाव करती है। कच्ची हल्दी गठिया और जोड़ों के दर्द में राहत देती है।

**ऐसे करें इस्तेमाल:** मानसून के दिनों में कच्ची हल्दी को दूध में आसानी से लिया जा सकता है। इसके लिए एक से दो इंच कद्दूकस की हुई कच्ची हल्दी को एक कप गर्म दूध में डालें और रात में पीएं। इसे शहद में भी लिया जा सकता है। एक चम्मच कद्दूकस की हुई कच्ची हल्दी में एक चम्मच शुद्ध शहद मिलाकर सुबह खाली पेट लें। एक अन्य तरीका है कि कच्ची हल्दी वाली चाय या काढ़ा पिया जाए। अगर फंगल संक्रमण है तो इसका पेस्ट बनाकर उस जगह पर लगाएं, तुरंत राहत मिलेगी।

**बरतें सावधानियां:** एक बार में कभी भी तीन या चार इंच से ज्यादा कच्ची हल्दी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इससे गैस या जलन हो सकती है। जिन लोगों को पित्त की समस्या हो, उन लोगों को कच्ची हल्दी का इस्तेमाल करते हुए संयम बरतना चाहिए। यदि आप ब्लड थिनर या शुगर की दवाएं ले रहे हैं, तो इसका सेवन डॉक्टर की सलाह के बाद ही करें *

# क्या युवाओं में कैंसर के लिए रसायन हैं ज़िम्मेदार

**नई दिल्ली।** पहले कैंसर को आमतौर पर बुजुर्गों की बीमारी माना जाता था लेकिन अब 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है। इस हफ़्ते के 'एबीसी 4 कॉर्नर्स' से पता चलता है कि प्लास्टिक समेत कई रसायनों की कैंसर के बढ़ते मामलों में भूमिका हो सकती है। तो कैंसर बढ़ने के कारण क्या हैं? और हम इस संबंध में क्या कर सकते हैं?

**कैंसर बुजुर्गों को क्यों अपनी चपेट में ले रहा है?**

आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका में आपके डीएनए की एक प्रति होती है - जो उस कोशिका को ठीक से कार्य करने का निर्देश देती है। हालांकि, डीएनए में ऐसे तरीकों से म्युटेशन हो सकता है जिससे वह कोशिका अपना वह कार्य करना बंद कर देती है जो उसे करना होता है। कुछ म्युटेशन कोशिका को अनियंत्रित रूप से बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। कुछ म्युटेशन इसे मरने से बचाते हैं। और कुछ इसे शरीर के अन्य भागों में फैलने में मदद करते हैं जहां यह नहीं होना चाहिए। डीएनए में अधिक मात्रा में म्युटेशन कैंसर को जन्म दे सकता है। जब भी शरीर में नई कोशिका बनती है, तो डीएनए की एक नई प्रति भी बनती है। कभी-कभी संयोगवश गलतियां हो जाती हैं, जिससे म्युटेशन हो सकता है। इसे आप ऐसे समझें जैसे एक फोटोकॉपी की फोटोकॉपी बनाना। इस प्रक्रिया में हर प्रति दूसरे से थोड़ी भिन्न होती है। ज्यादातर डीएनए म्युटेशन हानिरहित होते हैं। लेकिन शरीर में हर दिन अरबों कोशिकाएं बनती हैं। इसलिए जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर में डीएनए की प्रतियों की संख्या बढ़ती जाती है, जिससे गलतियां होने की संभावना भी बढ़ जाती है। साथ ही, उम्र बढ़ने पर शरीर इन खराब कोशिकाओं को पहचान कर हटाने में भी कमजोर हो जाता है।



## युवाओं में कैंसर की बढ़ती दर चिंता का विषय

युवाओं में कैंसर की बढ़ती दर चिंता का विषय है और इसके बढ़ने में कुछ पर्यावरणीय कारक भूमिका निभा रहे हैं जिनके बारे में हमें अभी जानकारी नहीं है। पर्यावरणीय कारक वे होते हैं जो शरीर के बाहर होते हैं – जैसे रसायन, वायरस, बैक्टीरिया, शारीरिक गतिविधि और हमारा आहार। इनमें से कई पर्यावरणीय कारक डीएनए प्रतिलिपिकरण त्रुटियों की संभावना को बढ़ा सकते हैं, या यहां तक कि हमारे डीएनए को सीधे नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। इसका एक जाना-माना उदाहरण सूर्य से आने वाली पराबैंगनी (यूवी) किरणें है, जिससे त्वचा कैंसर हो सकता है।

## धूम्रपान से हो रहा फेफड़ों का कैंसर

दूसरा उदाहरण धूम्रपान है, जिससे फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। सौभाग्य से, सूर्य के संपर्क में आने के खतरों के बारे में जागरुकता अभियानों और सिगरेट पीने वालों की घटती संख्या के कारण पिछले 30 वर्षों में 50 वर्ष से कम आयु के ऑस्ट्रेलियाई लोगों में त्वचा और फेफड़ों के कैंसर के मामलों में कमी आई है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में युवाओं में अन्य प्रकार के कैंसर जैसे यकृत, अग्न्याशय, प्रोस्टेट, स्तन और गुर्दे आदि के कैंसर बढ़ रहे हैं। यह प्रवृत्ति वैश्विक है, खासकर अमीर पश्चिमी देशों में। रसायनों की क्या भूमिका है?

## आज हम अधिक रसायनों के संपर्क में

शोधकर्ता इस वृद्धि के कारणों को समझने के लिए काम कर रहे हैं। वर्तमान में, रसायन एक विशेष रूप से महत्वपूर्ण पर्यावरणीय कारक के रूप में चर्चा में हैं। आधुनिक समय में हम अपने पूर्वजों की तुलना में अधिक रसायनों के संपर्क में हैं - जैसे वायु प्रदूषण, खाद्य योजक, प्लास्टिक और कई अन्य चीजें। शराब और सिगरेट के धुएं को छोड़ दें तो ज़्यादातर रसायन जो कैंसर से निश्चित रूप से जुड़े हैं वे ऐसे नहीं हैं जिनका लोगों को नियमित रूप से सामना करना पड़ता है। वे सिर्फ़ उद्योग जैसे स्थानों तक ही सीमित हैं। चिंता का एक मुख्य रसायन प्लास्टिक है, जो सर्वव्यापी है और लगभग हर कोई हर दिन इनसे सामना करता है। विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि प्लास्टिक मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए समग्र रूप से बहुत बड़ा खतरा है।

## खबर संक्षेप

### शैटरिंग की प्लेट चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने शैटरिंग की प्लेट चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सतेंद्र उर्फ बिट्टू निवासी गौरिया उत्तर प्रदेश हाल में कुंडली व अंश निवासी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### वितरित किए मालिकाना हक के प्रमाण पत्र

**सोनीपत।** आजादी के 77 वर्षों बाद लाल डोरा क्षेत्र के मकानों में रह रहे परिवारों को मालिकाना हक देने के प्रमाण पत्र वितरित किये गए। कार्यक्रम बुधवार शाम बस अड्डे के निकट कबीर भवन में आयोजित किया गया। जहां पर मेयर राजीव जैन एवं आयुक्त हर्षित कुमार ने पार्षदों के साथ मिलकर 350 परिवारों को प्रमाण पत्र वितरित किये। लाल डोरों की रजिस्ट्री ना होने के कारण प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त करने, आवास योजना के तहत मकानों की मरम्मत के लिए पैसा लेने में परेशानी होती थी।

### कांस्य पदक जीतकर लौटे लव का स्वागत

**गन्नौर।** अंडर 15 में कैरजिस्थान में आयोजित एशियन चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर लौटे लव का बुधवार को परिजनों व खेल प्रेमियों ने दिल्ली एयरपोर्ट पर नोटों की माला पहनाकर स्वागत किया। लव के स्वागत में उनके पिता पुरखास गांव के अर्जुन अवार्डी पहलवान व डीएसपी रमेश गुलिया, दादा बलवान गुलिया, दादी, लव की मां व खेल प्रेमी पहुंचे थे।

### निशा गुप्ता की पहली किताब का विमोचन

**सोनीपत।** मुरथल स्थित बैंक्वेट हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें औरम कंपनी की संस्थापक निशा गुप्ता की पहली किताब का विमोचन किया गया। फैशन शो भी आयोजित किया, जिसमें स्थानीय महिलाओं ने ही आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक किया। पारंपरिक भारतीय रंगों, रिवाजों और कपड़ों की दुनिया से निकली निशा ने दिल्ली से फैशन की पढ़ाई की और डिज़ाइनर्स के साथ काम करते फैशन को आत्म-अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया।

### निबंध प्रतियोगिता में विशाखा रहीं अव्वल

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग पर स्थित जीवीएच स्कूल में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से कक्षा छठी तक के बच्चों ने भाग लिया। निबंध का विषय ग्रीष्मकालीन अवकाश रहा। बच्चों ने गर्मियों की छुट्टियों में क्या-क्या किया, उसके बारे में विस्तार से निबंध में लिखा। घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम स्थान कक्षा छठी से विशाखा ने, द्वितीय स्थान कक्षा पांचवी से विधि और तृतीय स्थान कक्षा पांचवी से वंशिका ने प्राप्त किया।

### नेत्रदान कर सुरेश कुमार ने दी दो को नई रोशनी

**सोनीपत।** खरखौदा निवासी सुरेश कुमार पुत्र रामकिसन, निवासी पक्का बाग का सोमवार रात करीब 8 बजे निधन हो गया। उनके बेटे शेखर ने पिता की मृत्यु के बाद मित्र संजय से संपर्क किया और नेत्रदान की इच्छा जाहिर की। संजय ने तुरंत समाज कल्याण शिक्षा समिति के प्रधान आनंद से संपर्क किया था।

### विष्णु दत्त ने सुनाया कीचक वध का किस्सा

**खरखौदा।** छपड़ेश्वर मंदिर परिसर में बुधवार को पंडित विष्णु दत्त शर्मा ने कीचक वध का किस्सा रागनियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जब पांच पांडव जुए की शर्त के अनुसार 12 वर्ष का बनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा करने के लिए राजा विराट के पास नाम बदलकर नौकरी करने लगते हैं।

### जागरूकता वैन को दिखाई हरी झंडी

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) द्वारा चलाई जाने वाली कानूनी सेवाओं के प्रति जागरूक करने व कानूनी सेवा कार्यक्रम आयोजित करने के उद्देश्य से जिला के गांवों में 1 से 31 जुलाई तक ट्रैवलर वैन टी-26 चलाई जा रही है।

---

## कैबिनेट मंत्री ने श्रीकृष्ण आदर्श गोशाला का किया शिलान्यास

# खाना बनाते समय पहली रोटी गाय के लिए निकालें : अरविंद

### हम सबके मन में गो माता के प्रति प्रेम व श्रद्धा होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



**गोहाना।** गोशाला का शिलान्यास करते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, उनकी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा व गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

कैबिनेट मंत्री डॉ0. अरविंद शर्मा ने बुधवार को शहर में नई अनाजमंडी के पीछे जींद रोड बाइपास के साथ श्री कृष्ण आदर्श गोशाला का शिलान्यास किया। इससे पहले भूमि पूजन किया गया। मंत्री ने कहा कि हम सबके मन में गो माता के प्रति प्रेम व श्रद्धा होनी चाहिए। आधुनिकता के इस युग में गो माता के प्रति अपने प्रेम व समर्पण को भुलाएं नहीं अपितु मिलकर उसकी सेवा करें। गाय सड़कों पर नहीं अपितु घर और गोशालाओं में ही निवास करें। इसके लिए, एकजुट होकर आगे आएं। घर में खाना बनाते समय पहली रोटी गाय के लिए निकालें। मंत्री ने कहा कि उसने बचपन से ही अपने घर में देखा है कि हमारे घर में सबसे पहले गो माता की रोटी निकलती थी और आज भी उसके अंदर वही संस्कार हैं। मंत्री ने गोशाला निर्माण के लिए मंत्री कोटे से 21 लाख रूपये देने की घोषणा की। कैबिनेट मंत्री की पत्नी डॉ0. रीटा शर्मा, श्री कृष्ण आदर्श गोशाला देवीनगर के अध्यक्ष घनश्याम तायल, श्री गोपाल कृष्ण गोशाला जींद रोड के प्रधान सतीश गोयल, रामधन भारतीय, रामधारी जिंदल, सुनील मेहता, इंद्रजीत विरमानी, संजय मेहंदीरत्ता, सुरेन्द्र गर्ग, श्यामलाल आढ़ती, पार्षद सुरेन्द्र, पार्षद सोनू, पार्षद प्रतिनिधि नन्हा राम, विकास जैन, कुलदीप कौशिक, नरेन्द्र गहलावत, सुमित कक्कड़, हैप्पी लोहिया, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

#### सरकार ने कई योजनाएं बनाई

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार भी प्रदेश की गोशालाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए अनेकों योजनाएं लागू की हैं। गोशालाओं को आर्थिक मदद देने के लिए सरकार ने बिजली के बिल को भी 2 रुपए प्रति यूनिट किया है जो पहले 8 रुपए प्रति यूनिट था। इसके अलावा पिछली ससकारों के दौरान गोशालाओं को मिलने वाले बजट को भाजपा सरकार ने 2 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपए किया है। गोशालाओं में सोलर प्लांट लगाने पर सरकार द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

---

# जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाने में काउंसलिंग मददगार : वत्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



**खरखौदा।** विद्यार्थियों की काउंसलिंग करते काउंसलर। फोटो :हरिभूमि

खांडा रोड़ स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ में सीनियर वर्ग के छात्र - छात्राओं के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया गया। प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रितु, हिंदी अध्यापिका अनीता, पीटीआई अंकिता, अमन व रवि, रसायन विज्ञान अध्यापक सुमित सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे। काउंसलिंग का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वर्तमान परिवेश में आने वाली समस्याओं का निवारण करना था। अध्यापक सुमित ने युवावस्था में आने वाली समस्याओं स्वाभाविक क्रोध पर नियंत्रण, तनाव मुक्त शिक्षा और सामाजिक व्यावहारिक समन्वय के उचित स्थापन आदि पर बल दिया गया। प्राचार्या उषा वत्स ने बताया कि काउंसलिंग की जरूरत सिर्फ परेशानी में नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को तैयार करने के लिए भी पड़ती है। इस कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को अपना भविष्य संभालने में मदद मिलेगी।



**सोनीपत।** विजेता छात्रों के साथ अतिथिगण, विद्यालय प्रबंधन एवं अन्य।

## छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी के पावन प्रांगण में बुधवार को अंतर्विद्यालयी काव्य प्रतियोगिता एवं माया कृष्णा छात्रवृत्ति वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी, ऋषिकुल विद्यापीठ गोहाना रोड, ऋषिकुल विद्यापीठ अलीपुर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसके शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर उनके साथ नीरज शर्मा, रीमा शर्मा, चंचल शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में तीनों विद्यालयों के प्राथमिक, माध्यमिक एवं वरिष्ठ वर्ग के छात्रों ने भाग लिया और क्रमशः प्रकृति, देशभक्ति, नारी जैसे ज्वलंत विषयों में काव्य गायन कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर प्राथमिक वर्ग में हिमानी, हरगुन चित्रा व माध्यमिक वर्ग में गौरी, श्रेया आराध्या एवं वरिष्ठ वर्ग में देशना, सृष्टि, जयति ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

### सीआईए टीम के साथ आए डीएसपी हेडक्वार्टर, जांच की

**सोनीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन पर महिला से सामूहिक दुष्कर्म के बाद सोनीपत स्टेशन के पास फैंकने के मामले में बुधवार को फरीदाबाद से जीआरपी डीएसपी ने सोनीपत पहुंच कर जांच की। इस दौरान उनके साथ सीआईए टीम भी रही। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया एवं अलग-अलग पहलु से मामले की जांच की। फरीदाबाद जीआरपी हेडक्वार्टर डीएसपी राजेश चेसी के नेतृत्व में अंबाला से सीआईए टीम बुधवार को मामले की जांच में शामिल रही। हालांकि जांच के दौरान टीम ने किसी से कोई बातचीत नहीं की। टीम घटनास्थल व आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कुछ देर बाद वापस लौट गई। इससे पहले मंगलवार को अंबाला जीआरपी मंडल से पुलिस अधीक्षक निकिता व पानीपत के पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने सीआईए व गठित की गई एसआईटी के साथ सोनीपत पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया था। बता दें कि अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर 25 जून को एक सवारी गाड़ी की चपेट में आने से एक महिला का पैर कट गया था।

---

## परीक्षा केंद्र पर पकड़े नकल के दो मामले

**सोनीपत।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को आयोजित सैकेण्डरी (शैक्षिक) सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा के दौरान सोनीपत जिले में दो परीक्षार्थी नकल करते पकड़े गए। यह मामला राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत-14 परीक्षा केंद्र से सामने आया है। बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज प्रदेशभर के 27 परीक्षा केंद्रों पर 1,281 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। पूरे प्रदेश में केवल दो ही नकल के मामले दर्ज किए गए, और दोनों ही मामले सोनीपत जिले से सामने आए।उन्होंने बताया कि परीक्षा को नकल रहित और पारदर्शी बनाने के लिए बोर्ड के उड़नदस्तों द्वारा सभी जिलों में औचक निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश कुमार ने स्वयं जिला पंचकूला के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, जबकि उनके उड़नदस्ते ने रोहतक और सोनीपत जिलों में निगरानी रखी। सोनीपत के केंद्र पर दो परीक्षार्थियों को अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पकड़ा गया, जिन पर बोर्ड नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। परीक्षा के दौरान उड़नदस्तों की सख्ती और प्रशासन की सतर्कता के बावजूद सोनीपत में सामने आए इन दो मामलों ने शिक्षा बोर्ड की पारदर्शिता की कोशिशों को आंशिक रूप से प्रभावित किया है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि दोषी परीक्षार्थियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में इससे भी अधिक सख्ती बरती जाएगी।

- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित की गई सामाजिक विज्ञान की परीक्षा



**गोहाना।** पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते।

## अच्छी गुणवत्ता के कैमरे लगवाएं : भारती

**गोहाना।** पेट्रोल पंपों की सुरक्षा को लेकर बुधवार को पुलिस और पेट्रोल पंप एसोसिएशन प्रतिनिधियों के बीच बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस उपायुक्त गोहाना भारती डबास ने की। बैठक में गोहाना क्षेत्र के पेट्रोल पंपों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने मे सहयोग करने जैसे कई मुद्दो पर गहनता से विचारविमर्श हुआ। पुलिस उपायुक्त भारती डबास ने कहा कि पेट्रोल पंपों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी पंपों पर अच्छी गुण्वत्ता के सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाए जाएं। कैमरों की गुणवत्ता ऐसी जिनसे पूरे परिसर के क्षेत्र पर निगरानी रखी जा सके और कैमरे रात्रि के समय भी सुचारू रूप से कार्य कर सकें। पेट्रोल पंपों पर नकदी रखने के लिए अच्छी गुणवत्ता की तिजोरी रखी जाए जो केवल पासवर्ड पर खुल सके। पैट्रोल पम्प पर रात के समय एक से ज्यादा व्यक्ति होने चाहिएं। यदि कोई व्यक्ति सदिग्ध लगता है तो उस बारे नजदकी पुलिस थाने, चौकी व डाल 112 पर सूचना दें। पेट्रोल पंप पर किसी सेल्समैन को नौकरी पर रखने से पहले उसकी पुलिस वेरीफिकेशन करवाएं। प

## आरोपित तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट पश्चिम की टीम ने मादक पदार्थ व पांच हजार के ईनामी को लाखों रुपये की राशि व उसके साथी के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित हरदीप सिंह उर्फ दीपा निवासी पटियाला पंजाब व योगेश निवासी नाभा पंजाब का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर बीसवां मिल के पास मौजूद थी। उन्हें नशीला पदार्थ सहित आने की गुप्त सूचना मिली। टीम ने नाकेबंदी करके केजीपी टोल के पास से गाड़ी को रूकवाया गया। गाड़ी चालक ने भागने का प्रयास किया। गाड़ी में दो आरोपितो को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास से नशीला पदार्थ मिला। साथ में पांच सौ व दो सौ के नोट बरामद हुए। नशीला पदार्थ का वजन किया तो एक किलो दस ग्राम अफीम बरामद हुई। वहीं उनके पास से दो लाख 52 हजार आठ सौ की राशि बरामद हुई।



**सोनीपत।** गिरफ्तार आरोपित टीम के साथ।



## पटाखों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध

**गन्नौर।** पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग, चंडीगढ़ द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एनसीआर में आने वाले पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं फोड़ने (ऑनलाइन विपणन प्लेटफॉर्म से डिलीवरी सहित) पर पूरे वर्ष के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। गन्नौर के एसडीएम प्रवेश कादियान के नेतृत्व में प्रतिबंध लगाने के लिए अधिकारियों की टीम का गठन किया है। टीम में डीसीपी, डीआईसी सोनीपत, प्रदूषण विभाग के आर ओ जांच करेंगे। इसके लिए उपमंडल स्तर पर शिकायत निवारण समिति के अलावा प्रर्वतन टीम का गठन किया है। ये कमेटियां पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री या उपयोग से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करेंगी। प्रदूषण विभाग के आर ओ निर्मल कुमार प्रतिबंध पटाखों से निकलने वाली विषैली गैसों के कारण पर्यावरण को होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है, ताकि वायु प्रदूषण को रोका जा सके और जनस्वास्थ्य की रक्षा की जा सके। आर ओ निर्मल कुमार ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पटाखों से संबंधित नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

---



**सोनीपत।** पौधे रोपित करते विद्यालय चेयरमैन एवं निदेशक। फोटो :हरिभूमि

## रोपित किए पौधे

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में पर्यावरण संरक्षण हेतु 'गो ग्रीन गतिविधि' पर आधारित विशाल प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का प्रारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन एसके शर्मा के शुभ आगमन द्वारा हुआ। प्रार्थना सभा में मंत्रोच्चारण के बाद विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा, प्रधानाचार्य उमेश कुमार व सभी शाखा प्रभारियों ने चेयरमैन को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। मंच पर आसीन अतिथिगण ने स्काउट, गाइड व एनसीसी आदि परेड के कैडेट्स की सलामी ली। कार्यक्रम में छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु विभिन्न छात्रवृत्तियों जैसे एसके शर्मा छात्रवृत्ति, माया शर्मा छात्रवृत्ति, स्पैल वेल प्रतियोगिता, ग्लोबल आउटरीच प्रोग्राम, विश्वरूप सामाजिक विज्ञान राष्ट्रीय ओलिंपियाड, तथा अंतर्राष्ट्रीय कम्प्यूटिंग ओलंपियाड के विजेता छात्र छात्राओं को बैज, प्रमाणपत्र तथा मेडल आदि प्रदान करके सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक ने सभी छात्र छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय की सभी शाखाओं के प्रतिनिधि छात्र-छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

# बूथ लेवल अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



**खरखौदा।** बीएलओ के साथ एसडीएम प्रवेश कादियान व निर्वाचन कानूनगो।

लघु सचिवालय में बुधवार को गन्नौर विधानसभा के बूथ लेवल अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निर्वाचन कानूनगो पूजा शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को मतदाता सूची तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे कर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन करने, मृत, स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्ठि वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया, मतदाता सूची के संदर्भ में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बूथ लेवल एजेंट से संबंधित समस्त प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बीएलओ को वोटर हेल्पलाईन एप, बीएलओ एप, नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल की तकनीकी की बारिकियों के बारे में बताया गया। एसडीएम कादियान ने कहा कि शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना बीएलओ की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पीजीटी अध्यापक ललित मोहन, पीजीटी अध्यापक प्रीतपाल, पीजीटी अध्यापक हिमांशु व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक।

## जिला कार्यकारिणी गठित

**गोहाना।** बुधवार को शहर में सोनीपत मार्ग स्थित सिंचाई विश्राम गृह में भाजपा गोहाना जिला के अध्यक्ष बिजेंद मलिक ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व में कार्यकारिणी का गठन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा से विचार विमर्श के बाद किया गया। कार्यकारिणी में सुमित कक्कड़, जसबीर, प्रसन्नी देवी, सोनिया सैन, हरकेश, प्रवीण कश्यप और जगबीर जैन को उपाध्यक्ष, महेंद्र चिड़ाना व जितेन्द्र शर्मा को महामंत्री, नरेश देवी, सज्जन कौर, प्रदीप कुमार, कमलेश सैनी, सोनू और नरेश कौशिक को सचिव, शेर सिंह को कोषाध्यक्ष, सचिव शेर सिंह बेडवाल को कार्यालय सचिव, डॉ. धर्मवीर नांदल को प्रवक्ता, जय प्रकाश कासंडी को आईटी प्रमुख, संजय शर्मा को सोशल मीडिया प्रमुख, राममेहर राठी को मीडिया प्रमुख और बलराम कौशिक को मन की बात प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने नए पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

---

## कल से शुरू होगा सावन, बन रहा दुर्लभ 'शिववास योग'

# दुर्लभ शिवास योग में प्रारंभ होगा सावनः मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



हिंदू पंचांग के अनुसार भगवान शिव को समर्पित सावन का पावन महीना इस वर्ष 11 जुलाई यानि शुक्रवार से शुरू होगा और 9 अगस्त शनिवार को समाप्त होगा। पूरे महीने श्रद्धालु शिवभक्ति में लीन रहेंगे और भोलेनाथ का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।आचार्य मनमोहन मिश्रा के अनुसार सावन की शुरुआत इस बार विशेष संयोग में हो रही है। 10 जुलाई की रात 1:36 बजे से शुरू होकर 11 जुलाई की रात 2:06 बजे तक आषाढ़ पूर्णिमा रहेगी। इसके बाद 11 जुलाई की रात 11:07 मिनट से श्रावण मास की प्रतिपदा तिथि लगेगी, जो 12 जुलाई की रात 2:08 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार 11 जुलाई से ही सावन माह की शुरुआत मानी जाएगी। सावन का महीना श्रद्धा, संयम और साधना का पर्व है। इस पावन समय में भोलेनाथ की भक्ति से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

#### बन रहा है शिववास योग

सावन के पहले ही दिन 'शिववास योग' बन रहा है। मान्यता है कि इस शुभ योग में भगवान शिव माता पार्वती संग कैलाश पर्वत पर विराजमान रहते हैं। ऐसे में पहले दिन भोलेनाथ का पूजन और जलाभिषेक करना विशेष फलदायी माना गया है। श्रद्धालुओं को सुख-समृद्धि और मनचाहा वरदान प्राप्त होता है।

#### चार सोमवार, शिवभक्ति का विशेष पर्व

सावन के महीने में सोमवार व्रत का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि सावन सोमवार को शिव पूजन करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस बार सावन में चार सोमवार पड़ेंगे, 9 अगस्त को सावन पूर्णिमा के साथ यह माह समाप्त होगा। इसी दिन रक्षाबंधन का पर्व भी मनाया जाएगा।

#### सावन में क्या करें

- प्रतिदिन शिवलिंग पर जल, दूध, शहद आदि से अभिषेक करें
- "ॐ नमः शिवाय" व महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें
- सोमवार को उपवास रखें और सात्विक आहार लें
- शिव आरती करें और संयमित जीवन शैली अपनाएं
- जरूरतमंदों को दूध या उससे बने पदार्थों का दान करें

- शिवास योग में भगवान शिव माता पार्वती संग कैलाश पर्वत पर रहते हैं विराजमान

#### इन बातों से करें परहेज

- मांसाहार-तामसिक भोजन न करें
- क्रोध, कलह व कठोर वचनों से बचें
- शिवलिंग पर केतकी का फूल और हल्दी न चढ़ाएं
- दिन में सोना वर्जित माना गया है।

#### कार्रवाई की गई

पहला सोमवार – 14 जुलाई
दूसरा सोमवार – 21 जुलाई
तीसरा सोमवार – 28 जुलाई
चौथा सोमवार – 4 अगस्त



**खरखौदा।** एसडीएम कार्यालय में शिकायत करने पहुंचे रोहणावासी।

## गली में कब्जा किए जाने का आरोप

**खरखौदा।** रोहणा गांव के एक ग्रामवासी ने अपना पुराना मकान तोड़ा था और जब नया मकान बनाने लगा तो उसने गली में ढ़ाई से 3 फीट जगह पर कब्जा करते निर्माण कार्य शुरू कर दिया। शुरूआती निर्माण से अब तक लगातार समाधान शिविर, विधायक पवन खरखौदा, खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय, ग्राम सचिव, सरपंच सभी जगह शिकायत दर्ज कराई। प्रशासन काम रूकवाता रहा और प्रशासन के ओझल होते ही निर्माण होता रहा। यह आंख मिचौली का खेल चलता रहा। इस संदर्भ में पुलिस को भी शिकायत दी जा चुकी है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस दिशा में प्रशासन ने कड़े कदम नहीं उठाए। ऋषिपाल, विजयपाल, अमित, बलबीर, सुरेश का कहना है कि इस मामले में प्रशासन की कार्रवाई ना के बराबर है। पिछले करीब डेढ़ महीने से वे चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अब ग्रामीण इस मामले को लेकर सीएम हाऊस पर जाकर प्रशासन के लापरवाह अधिकारियों की शिकायत करने की सोच रहे हैं।

## खबर संक्षेप



गन्नौर। बड़ी रोड पर भरे गंदे पानी से निकलते हुए वाहन।

### बड़ी रोड पर भरे गंदे पानी से लोग परेशान

**गन्नौर।** बड़ी रोड पर गंदे पानी की निकासी का नगरपालिका के संज्ञान में आने के बाद भी समाधान नही हो पाया है। गत सप्ताह से लोग सड़क पर भरे गंदे पानी के अन्दर से निकलने को विवश है और नगरपालिका की कार्यप्रणाली को कोस रहे है। शहरवासियों ने प्रशासन से बड़ी रोड पर भरे गंदे पानी की निकासी के स्थाई समाधान की मांग की है। शहरवासी सुरेश, महेन्द्र, रणबीर ने बताया कि बड़ी रोड पर दोनो तरफ बने मकानों के पानी की निकासी न होने से गंदा पानी बड़ी रोड पर जमा हो जाता है।

### संदिग्ध हालत में व्यक्ति की मौत

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में संदिग्ध हालत में व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### श्रीजी स्कूल में मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण



**सोनीपत।** श्रीजी स्कूल में नागेश्वर महादेव मंदिर के चतुर्थ स्थापना दिवस पर नवनिर्मित मां सरस्वती की विशाल प्रतिमा का अनावरण 8 जुलाई को किया गया। इस पावन अवसर पर स्कूल के सभी विद्यार्थी व स्टाफ श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल महादेव के अभिषेक से हुई तथा वैदिक विधि से हवन यज्ञ सम्पन्न हुआ। इसके बाद भगवान का दिया श्रृंगार व आरती की गई। इस अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया।

### कुरुक्षेत्र के डीईओ व पूर्व बीईओ को दी क्लीन चिट

**गोहाना।** वर्तमान में कुरुक्षेत्र के डिप्टी डीईओ और पूर्व में मुंडलाना खंड के बीईओ बसंत ढिल्लों को पुलिस ने जांच के बाद क्लीन चिट दे दी। उन पर महिला कार्यवाहक प्राचार्य द्वारा यौन उत्पीड़न, पीछा करने समेत कई गंभीर आरोप लगाए थे और महिला थाना गोहाना में केस दर्ज कराया था। जांच में आरोप निराधार मिलने के बाद एफआईआर को रद कर दिया गया।

## विभिन्न ट्रेड यूनियनों का देशव्यापी हड़ताल को समर्थन, लगाए नारे

# मजदूर-कर्मचारी विरोधी नीतियों का किया विरोध

### पुरानी पेंशन बहाली और चार लेबर कोड वापसी की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। हड़ताल के दौरान विरोध प्रदर्शन करते हुए संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

केंद्र सरकार की मजदूर और कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में मंगलवार को सोनीपत जिले में विभिन्न ट्रेड यूनियनों और कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त रूप से जोरदार प्रदर्शन किया। सीटू, एआईयूटीयूसी, मजदूर मोर्चा, इंटक, एटक, सर्व कर्मचारी संघ, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन, ऑल इंडिया किसान महासभा व किसान सभा के बैनर तले कमेटी पार्क से जुलूस निकाला गया जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस अड्डा पर सभा में तब्दील हो गया।

प्रदर्शनकारियों ने चार लेबर कोड वापस लो, पुरानी पेंशन बहाल करो, स्कीम वर्कर को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दो, ठेका प्रथा बंद करो, सरकारी विभागों को बेचना बंद करो जैसे नारे लगाते हुए सरकार की नीतियों का विरोध जताया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चार लेबर कोड लागू कर सरकार ने सभी पुराने श्रम कानून खत्म कर दिए हैं। अब कर्मचारियों से 8 की बजाय 12 घंटे काम लिया जाएगा। महिलाओं को रात में काम करने की अनुमति देने का निर्णय भी असुरक्षित है। फैक्ट्री अधिनियम में बदलाव कर अब मालिक 300 तक मजदूरों को बिना अनुमति हटा सकते हैं। यूनियन बनाना और आंदोलन करना पहले से भी कठिन कर दिया गया है। वक्ताओं ने कहा कि आशा, आंगनवाड़ी और मिड डे मील वर्करों को लंबे समय से सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार उन्हें न तो कर्मचारी मान रही है और न ही श्रमिक। प्रदर्शन का नेतृत्व कामरेड सरदानंद सोलंकी, प्रेम सिंह गहलोत, ईश्वर सिंह राठी, देशराज नैन, शिवकुमार, अनिल सैनी, सुनीता, हंसराज राणा, प्रमोद राठी, शिलकराम मलिक, जगमंदिर, जयवीर राठी आदि ने किया। इस मौके पर एमएस भनवाला, सतवीर धनखड़, विजेंद्र चहल, विजेंद्र कादयान, ईश्वर सिंह दहिया, बलवीर सिंह, देवेंद्र मलिक, ओमप्रकाश मलिक, शीलावती, वीरमति, सुनीता, अनीता, छवि, सतविंदर गिरी और ऋतुराज ने भी हड़ताल के समर्थन में सरकार को चेताया कि अगर नीतियां वापस नहीं ली गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## लंबित मांगें पूरी करवाने को लेकर कर्मचारी गरजे

- हड़ताल में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर लिया भाग, सड़कों पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना





गोहाना। हाथों में बैनर लेकर सड़कों पर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी और गोहाना सब डिपो परिसर में धरने पर बैठे रोडवेज कर्मचारी

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर बुधवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में विभिन्न विभागों के भारी तादाद में कर्मचारियों, परियोजना वर्कर्स और मजदूरों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपने विभागीय कार्यालयों में धरने भी दिए और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करके उनकी लंबित मांगें पूरी करने की मांग उठाई। राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बिजली विभाग,जन स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद ग्रामीण सफाई कर्मचारी, आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स, सिंचाई विभाग, वन विभाग, पशुपालन विभाग, एमपीएचडब्ल्यू और जनवादी महिला समिति से जुड़ी महिलाएं शहर में जींद मार्ग स्थित नगर परिषद पार्क में एकत्रित हुए। कर्मचारी जींद रोड स्थित नगर परिषद में इकट्ठा हुए। मंच की अध्यक्षता अध्यापक संघ के जिला प्रधान नरेंद्र चहल व संचालन सर्व कर्मचारी संघ गोहाना इकाई के सचिव सुरेश यादव ने किया।

### श्रम कानून समाप्त करना बर्दाश्त नहीं

*सीटू, एआईयूटीयूसी, मजदूर मोर्चा, इंटक, सर्व कर्मचारी संघ, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन, ऑल इंडिया किसान महासभा व किसान सभा के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय हड़ताल में शहर की सड़कों पर जुलूस निकालते हुए प्रदर्शन किया। संगठनों के प्रतिनिधियों ने चार लेबर कोड वापस लेने, विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने, श्रम कानून खत्म करने और ठेका प्रथा का विरोध किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कामरेड सरदानंद सोलंकी, प्रेम सिंह गहलोत, ईश्वर सिंह राठी, देशराज नैन, शिवकुमार, अनिल सैनी, सुनीता, हंसराज राणा, प्रमोद राठी, शिलकराम मलिक, जग मंदिर और जयवीर राठी ने किया। प्रदर्शन में एमएस भनवाला, सतवीर धनखड़, विजेंद्र चहल, विजेंद्र कादयान, ईश्वर सिंह दहिया, बलवीर सिंह, देवेंद्र मलिक आदि शामिल रहे।*

### बिजली कर्मियों ने दिया सांकेतिक धरना

**खरखौदा।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की हड़ताल का असर खरखौदा में भी रहा। सरकारी कर्मचारी परिसंघों व राज्य सरकारी महासंघ के आह्वान पर चार लेबर कोड्स रद करने, आठवें वेतन आयोग का गठन करने, राज्य का अलग वेतन आयोग बनाने, सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, निजीकरण बंद करने, बेरोजगारी व महंगाई कम करने सहित कई मांगों को लेकर हड़ताल रखी गई। जिसमें बिजली यूनियन की तरफ से प्रधान प्रतीक ने मांगे रखी और धरने का संचालक किया। इस मौके पर अनेक बिजली कर्मी उपस्थित रहे।



खरखौदा। मांगो को लेकर धरना-प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

## जजपा की नीतियों से करवाया अवगत

- सदस्यता अभियान में युवाओं की बढ़ती भागीदारी से संगठन मजबूत : दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। जिला अध्यक्ष व राई हल्काध्यक्ष दिनेश चौहान सदस्यता अभियान में नीतियों से अवगत करवाते हुए।

जननायक जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान बुधवार को जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा हल्काध्यक्ष दिनेश चौहान के नेतृत्व में बख्तावरपुर, मेंहदीपुर, मछरौला, नई बसौदी, पुरानी बसौदी, पलड़ी में चलाया गया। अशोक सरोहा ने कहा कि सदस्यता अभियान केवल एक आंकड़ा बढ़ाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह विचारधारा से जुड़ने की एक प्रक्रिया है। जब एक कार्यकर्ता पार्टी की सदस्यता लेता है, तो वह संगठन के मूल्यों और उद्देश्यों को अपनाता है। हमारा उद्देश्य है कि हर वर्ग, हर गांव, हर गली तक पहुंचकर अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ा जाए। हम सिर्फ सदस्य नहीं बना रहे, हम ऐसे लोगों को जोड़ रहे हैं जो समाजसेवा और ईमानदारी से राजनीति में बदलाव लाना चाहते हैं। इस मौके पर रमेश पहलवान, पूर्व प्रताशी बिजेंद्र अंतिल,जगबीर सरोहा, सुनील अंतिल ,चरणसिंह,नरेश वर्मा, कृष्ण, जयकुमार, राजबीर, नरेंद्र, रविन्द्र, प्रवीन, वेदपाल, वीरेंद्र उर्फ बिलू, सुमित, कपिल,दीपक, धर्मसिंह करण सिंह, दिलबाग सिंह, सतपाल, अनूप सिंह आदि मौजूद थे।

## शिवा शिक्षा सदन का शुभम बना जिला टॉपर

- चार्टर्ड अकाउंटेंसी फाइनल परीक्षा में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हाल ही में घोषित चार्टर्ड अकाउंटेंसी फाइनल परीक्षा में शिवा शिक्षा सदन विद्यालय के दो पूर्व छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। 2016 बैच के छात्र शुभम वर्मा ने सीए फाइनल परीक्षा में पूरे सोनीपत ज़िले में टॉप कर विद्यालय, परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा देश की सबसे कठिन और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में मानी जाती है, जिसमें सफलता प्राप्त करना ही एक बड़ी उपलब्धि होती है, और जिला स्तर पर प्रथम आना यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। सीए फाइनल परीक्षा में इस बार कुल 159 छात्र सोनीपत जिले से शामिल हुए थे। इन सभी में शुभम वर्मा ने सर्वोच्च रैंक प्राप्त कर "जिला टॉपर" का गौरव प्राप्त किया। उनकी यह सफलता इस बात की स्पष्ट गवाही देती है कि अगर किसी छात्र को उचित मार्गदर्शन, अनुशासित वातावरण और सशक्त नैतिक मूल्यों की नींव मिले, तो वह किसी भी ऊंचाई को छू सकता है। इसी सूची में एक और नाम जुड़ता है ख्वाहिश, जो 2018 बैच के छात्र रहे हैं।

### विद्यालय का नाम किया रोशन





शुभम वर्मा और ख्वाहिश।

विद्यार्थियों ने इसी परीक्षा में उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है और विद्यालय की परंपरा को आगे बढ़ाया है। विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र बंसल ने दोनों विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, शुभम वर्मा का जिला टॉपर बनना और ख्वाहिश की उत्कृष्ट सफलता दोनों ही शिक्षकों, परिवारों और विद्यार्थियों की त्रिकोणीय साझेदारी का परिणाम है। विद्यालय की प्राचार्या अलका विज ने शुभम और ख्वाहिश, दोनों की सराहना की। विद्यालय के निदेशक अरुण बंसल ने कहा कि शुभम वर्मा की यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि सोनीपत जिले के लिए एक गर्व का क्षण है। उन्होंने यह साबित किया कि छोटे शहरों से भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं बशर्ते परिश्रम सच्चा हो और मार्गदर्शन मजबूत।

## सरकारी योजनाएं से होगा क्षेत्र का विकास : कादियान

- गांव समसपुर गामड़ा में विधायक ने किया दो चौपालों का शिलान्यास और उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। गांव समसपुर गामड़ा में विधायक देवेन्द्र कादियान हरिजन चौपाल का शिलान्यास करते हुए।

विधायक देवेंद्र कादियान ने बुधवार को गांव समसपुर गामड़ा में दो चौपालों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने 15 लाख रुपए की लागत से बनी जनरल चौपाल का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। इसके साथ ही अनुसूचित जाति (एससी) चौपाल का शिलान्यास भी किया। इस पर भी करीब 15 लाख रुपए खर्च होंगे। सरपंच गुरमेल धनखड़ ने विधायक का फूलमाला और पगड़ी पहनाकर विधायक का स्वागत किया। विधायक कादियान ने कहा कि जनता ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, उस पर वे पूरी मेहनत से खरे उतरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग से क्षेत्र में बड़ी योजनाएं लाकर विकास करवाया जाएगा। कादियान ने कहा कि जो वादे जनता से किए गए हैं, उन्हें पूरा करना उनकी प्राथमिकता है। जनरल चौपाल के बाद अनुसूचित जाति चौपाल भी जल्द बनकर तैयार होगी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बीडीपीओ राजेश टिवाना, अहीर माजरा सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र यादव, सरपंच प्रदीप धनखड़, सरपंच महेश, अनिल कुमार, सरपंच प्रतिनिधि दिलबाग, कश्मीर सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## खाद बीज की दुकानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

- कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीम की कार्रवाई

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीम ने खरखौदा स्थित खाद बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण टीम में विभाग के संयुक्त निदेशक प्रदीप व उप-निदेशक डॉ पवन शर्मा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान टीम द्वारा पंजाब खाद बीज भंडार के रिकार्ड की जांच की गई, जिसमें संबंधित डीलर द्वारा मौके पर पोस मशीन में खाद का कोई रिकार्ड नहीं दिखाया गया। इसके अलावा संबंधित डीलर द्वारा ना तो खाद व कीट नाशक दवाई बेचने का लाईसेंस या कोई ऑथोरिटी पत्र दिखा गया। इसके बाद टीम ने जय दुर्गा खाद बीज भंडार का निरीक्षण किया तो जांच के दौरान डीलर टीम को खाद व कीट नाशक दवाई बेचने का लाईसेंस, कैश मेमो तथा दुकान से संबंधित कोई भी रिकार्ड प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके बाद उप-निदेशक डॉ पवन शर्मा ने दोनों डीलरों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए तीन दिन का समय दिया। अगर वे तीन दिन में अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं करते हैं तो उनके लाईसेंस रद्द कर दिए जाएंगे और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



खरखौदा। आवश्यक जांच पड़ताल करते कृषि अधिकारी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## समस्या | अस्पताल प्रबंधन नहीं करवा पाया कागजी कार्रवाई पूरी

निजी कंपनी की तरफ से दान दी गई थी एम्बुलेंस

# अस्पताल परिसर में खड़ी एम्बुलेंस गाड़ी का हुआ इंश्योरेंस खत्म

- करीब 8 महीने से अस्पताल परिसर में फांक रही है धूल, अपने नाम नहीं करवा पाया गाड़ी के कागजात स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। अस्पताल परिसर में खड़ी दान की गाड़ी।

जिला नागरिक अस्पताल परिसर में करीब आठ माह से नई एंबुलेंस गाड़ी धूल फांक रही है। परिसर में खड़ी गाड़ी का इंश्योरेंस खत्म हो गया। उसका इंश्योरेंस करवाने के लिए प्रबंधन भागदौड़ में लगा हुआ है। साथ ही जानकारी मिली है कि गाड़ी के कागजात तक गुम हो गए है। गाड़ी की आरसी ट्रांसफर तक नहीं हो पाई है। जिसके चलते गाड़ी को सड़क पर मरीजों की सुविधा के लिए नहीं उतारा जा रहा है। जबकि एंबुलेंस बेड़े में कंडम हालत में पहुंच चुकी गाड़ियों को सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है। बता दें कि जिले में मौजूदा समय में जिला स्वास्थ्य विभाग के पास कुल 30 एंबुलेंस जीवन वाहिनी मौजूद है। जिसमें तीन एमएमयू (मोबाइल मेडिकल यूनिट) शामिल है। दो गाड़ियां कंडम हो चुकी है। जिनमें विभाग की तरफ से कडंम प्रक्रिया पूरी करनी शुरू कर दी है। वहीं 28 गाड़ियों लोगों की सुविधा के लिए जिले में अलग-अलग स्थानों पर तैनात है। करीब एक साल पहले निजी कंपनी की तरफ से जिला हेल्थ एवं फैमिली वेलफेयर सोसाइटी को एंबुलेंस दान दी गई। उक्त एंबुलेंस को जिला स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया था। तब से गाड़ी अस्पताल परिसर में खड़ी धूल फांक रही है। जबकि एंबुलेंस बेड़े में गाड़ियां कम होती जा रही है।

### जल्द शुरू की जाएगी सुविधा

गाड़ी के कागजात पूरे होने के बाद ही लोगों की सुविधा के लिए उपलब्ध करवाया जाता है। गाड़ी को बीएलएस व एएलएस बनाने के लिए बजट की आवश्यकता होती है। जल्द से जल्द गाड़ी में सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद आमजन की सुविधा के लिए उपलब्ध करवा दिया जायेगा।

-डा. मंजीत राठी, प्रभारी रेफरल ट्रांसपोर्ट अधिकारी।

### गाड़ी के कागज हुए गुम

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से गाड़ी में तेल डलवाने के लिए पेट्रो कार्ड के लिए विभाग के साथ पत्राचार किया। करीब चार महीने बाद विभाग की तरफ से पेट्रो कार्ड भेजा गया। गाड़ी को जिला हेल्थ एवं फैमिली वेलफेयर सोसाइटी की बजाय जिला स्वास्थ्य विभाग के नाम करवाने के लिए अधिकारी की तरफ से एसडीएम कार्यालय में संपर्क किया गया। जानकारी मिली है कि कार्यालय में कागज गुम हो गए है। वहीं परिसर में खड़ी गाड़ी का इंश्योरेंस समाप्त हो गया है। इंश्योरेंस होने पर गाड़ी को सड़क पर उतारा जा सकेगा।

## छात्रा से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार, अदालत में किया पेश

- मामले की जांच में जुटी पुलिस
- नाबालिग लड़की की दादी ने पुलिस को शिकायत देकर लगाया था आरोप
- निजी स्कूल से आरोपी को नौकरी से निकाला

हरिभूमि नयूज ▶▶| सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र में छात्रा से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित चांद भटगांव का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की है। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। आरोपित शहर के निजी स्कूल में दस साल से चालक के तौर पर तैनात था। एक महिला ने सात जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी पोती क्षेत्र के निजी स्कूल में पढ़ती है। वह घर से स्कूल आने-जाने के लिए बस में आती-जाती है। उसकी पोती ने सोमवार को बताया कि बस चालक उसे बहला फुसलाकर किसी अनजान कमरे पर लेकर गया। जहां उसके साथ गलत काम किया। किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपित ने पहले भी लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया

*आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। आरोपित शहर के निजी स्कूल में दस साल के बस पर चालक के तौर पर कार्यरत था। स्कूल संचालक ने बताया कि जानकारी मिलते ही आरोपित को स्कूल से नौकरी से हटा दिया गया है। ड्यूटी पर रखने से पहले उसकी पुलिस वेरिफिकेशन व जानकारी हासिल की गई थी।*